दैनिक
लोकजीवन

भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र

संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी

■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026

■ वर्ष 51 ■ अंक 238 ■ भीलवाड़ा ■ शनिवार 10 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन, कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

पढ़ें पेज 04 पर...
शारदीय नवरात्र कल से: पांडालों और मंदिरों में घट स्थापना संग विराजेंगी मातारानी

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली जाम, ममता समेत 3 पूर्व सीएम हिरासत में

कॉकरोच पार्टी नेताओं समेत एक हजार लोग हिरासत में

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर रोकने की मांग को लेकर दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आज 10 अक्तूबर को प्रदर्शन के एलान बाद अलर्ट है। प्रदर्शन की दिल्ली पुलिस की ओर से अनुमति नहीं दी गई है। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट से ही हिरासत में ले लिया गया है। वे जंतर-मंतर पर बुलाए गए पार्टी के प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। यूट्यूबर ध्रुव राठी को उनके गुरुग्राम के घर से ही हिरासत में लिया गया। इसके अलावा 1000 अन्य समर्थकों को भी राजधानी के अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया। वहीं महाराष्ट्र के संभाजीनगर में दीपके के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

प्रदर्शन में बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी, केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री मनिक सरकार को हिरासत में लिया गया।

सीजेपी समर्थक जंतर-मंतर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस इन्हें हिरासत में ले रही है। वाहनों को रोकने के लिए सड़कों पर कीलें लगाई गई हैं। नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन आने वाली 250 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें आज रद्द की गई हैं। वहीं, इंडिया गेट के आसपास 4 किलोमीटर के दायरे में शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार रात 10 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट के लिए दिल्ली पहुंचे सीजेपी फाउंडर अभिजीत दिपके को फ्लाइट से ही डिटेन कर लिया गया। उनके साथ सौरभ दास और आशुतोष रांका भी थे, तीनों को दिल्ली पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। दिल्ली पुलिस इस वक्त एक्शन मोड में है और किसी भी हालत में सीजेपी कार्यकर्ताओं को जंतर-मंतर जाने से रोकना चाहती है। इससे पहले यूट्यूबर ध्रुव राठी को उनके गुरुग्राम स्थित घर से डिटेन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट से जंतर मंतर की तरफ जा रहे अधिवक्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

आज जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए दिपके, सौरभ और रांका के साथ मुबंई से रवाना हुए थे, लेकिन उन्हें फ्लाइट से उतरने ही नहीं दिया और वहीं से डिटेन कर लिया गया। इस घटनाक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिल्ली पुलिस की कुछ महिला सिपाही फ्लाइट में प्रवेश करती हैं और दिपके को उनके साथ चलने के लिए कहती हैं। इस दौरान दिपके उनसे कहते हैं कि ये सब काम उन्हें फ्लाइट से नीचे उतरने देने के बाद भी किया जा सकता था। डिटेन होने के बाद अभिजीत दिपके ने कहा कि वो झुकेंगे नहीं।

इससे पहले दिल्फेली पुलिस ने फेमस यूट्यूबर ध्रुव राठी को भी डिटेन कर लिया। दिल्ली पुलिस के आज के एक्शन से ऐसा लग रहा है कि पुलिस पिछली बार वाली गलतियां नहीं दोहराना चाहती है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जो प्रोटेस्ट जंतर-मंतर पर हुआ था, उसमें सभी जंतर-मंतर पहुंच गए थे और उसके बाद वहां से नहीं हिले थे। इसलिए पुलिस अब सीजेपी नेताओं सहित प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर पहुंचने ही नहीं दे रही है।

जंतर-मंतर जाने से लोगों को रोक रही पुलिस

दिल्ली पुलिस इस बात का खासतौर पर ध्यान रख रही है कि किसी भी हालत में प्रदर्शनकारी दिल्ली के जंतर-मंतर तक न पहुंच सकें। दिल्ली से लगने वाली सभी बॉर्डर पर भी भारी तादाद में पुलिसकर्मी तैनात हैं। गाड़ियों की रोक-रोक कर तलाशी ली जा रही है, जो भी वाहनकर्मी संदिग्ध लग रहा है उसे डिटेन किया जा रहा है।

जंतर-मंतर पर आज क्यों बुलाया गया प्रोटेस्ट

कॉकरोच जनता पार्टी ने ये धरना-प्रदर्शन देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर रखा है। सीजेपी की मांग है कि सीईसी जल्द से जल्द अपने पद से इस्तीफा दे दें। दरअसल, कुछ दिनों पहले ही एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें बताया गया था कि पूरे 14 बार बाकी दो चुनाव आयुक्त , मुख्य चुनाव आयुक्त के फैसलों पर आपत्ति जाहिर कर चुके हैं। इसके बाद से ही विपक्ष सहित कॉकरोच जनता पार्टी ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

देश में खतरनाक स्थिति पैदा करने की कोशिश- नितिन नवीन

नई दिल्ली। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सीजेपी के विरोध प्रदर्शन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि आज देश में बहुत खतरनाक और गंभीर स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। देश को अस्थिर करने की कोशिशें हो रही है। जहां 140 करोड़ लोग शांति और सद्भाव से रह रहे हैं और भारत के विकास में मिलकर योगदान दे रहे हैं। यह कौन कर रहा है? दो अराजक समूहः एक 'इंडी अलायंस' के राहुल गांधी के नेतृत्व में, और दूसरा अरविंद केजरीवाल के सहयोगियों, सीजेपी के नेतृत्व में। मैं इन दोनों समूहों से साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि भारत की जनता आपके इरादों को अच्छी तरह समझती है।

सीजेपी आंदोलन से दूर हुई कांग्रेस

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) लगातार आंदोलन कर रही है। वहीं, कांग्रेस ने भी लगातार विरोध-प्रदर्शन किए हैं। हालांकि, दोनों ही पार्टी अभी तक एकसाथ नहीं दिखी है। आज जब दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी ने आंदोलन का आह्वान किया तो राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यर् म को संबोधित करने के लिए चेन्नई निकल गए हैं। सीजेपी के इस आंदोलन को अभी तक सिर्फ आम आदमी पार्टी (आप), टीएमसी (ममता गुट) और वामपंथी दलों ने ही खुलकर समर्थन दिया है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब कांग्रेस कॉकरोचों से दूरी बना रही है। इससे पहले भी जब शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आंदोलन हुए थे तब कांग्रेस नेता ने वहां नहीं पहुंचकर एक अलग मोर्चा खोल दिया था। विपक्ष के कई नेता अभिजीत दीपके के मंच पर दिखे, लेकिन राहुल इसमें शामिल नहीं हुए।

चंडीगढ़ में डिटेन किए गए मनीष सिसोदिया

चंडीगढ़ में सीईसी ज्ञानेश कुमार के मामले को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे मनीष सिसोदिया और पंजाब आप के कार्यकर्ताओं और नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व मंत्री डॉ.रघु शर्मा को पर्यवेक्षक लगाया

नगर निगम में 17 सिंबल विवाद के बाद वरिष्ठ नेता को जिम्मेदारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में कई जगह पर बहुमत के बावजूद बोर्ड नहीं बनने से सबक लेकर कांग्रेस ने पंचायतीराज चुनाव में रणनीति बदल दी है। भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में भी बड़े नेताओं की गुटबाजी में 17 वार्डों के पार्टी का अधिकृत सिंबल लैटर अंतिम समय तक रिटर्निंग ऑफिसर को नहीं दे पाए थे। इससे काफी किरकिरी हुई। अब कांग्रेस ने पंचायतीराज चुनाव के लिए जिलेवार पूर्व मंत्रियों, विधायकों व वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक लगाने के साथ पंचायत समितिवार प्रभारी लगाए हैं। गहलोत सरकार में चिकित्सा मंत्री रहे डॉ.रघु शर्मा को भीलवाड़ा जिले का पर्यवेक्षक बनाया है। गहलोत के करीबी रहे केकड़ी के पूर्व विधायक डॉ.रघु शर्मा पंचायत चुनाव का मैनेजमेंट संभालने से लेकर पूरी निगरानी रखेंगे। प्रदेशाध्यक्ष को लगातार फीडबैक देंगे। टिकट वितरण के बाद समय पर उम्मीदवार का सिंबल जमा होने से लेकर चुनाव प्रचार की रणनीति बनाने में भी इनकी भूमिका रहेगी। वोटिंग के बाद बाड़ेबंदी का मैनेजमेंट संभालने में भी पर्यवेक्षक का रोल रहेगा। जिले में प्रमुख और प्रधान बनाने के लिए बाड़ेबंदी से लेकर उम्मीदवारों के चयन तक लगातार प्रदेश नेतृत्व को फीडबैक देंगे। जिला पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी भी बनाई गई है। इसमें भी वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है।

नवरात्र कल से

पहला दिनः मां शैलपुत्री

'मधु-कैटभ' वध (आलस्य और तमस का अंत)



मां शैलपुत्री चेतना की प्रथम जागृति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। इनका संबंध चेतना को सुलाने वाले असुर 'मधु व कैटभ' के दमन से है। आज हमारे जीवन में यह असुर गहरे आलस्य व टालमटोल की आदत बनकर बैठा है। जब तक बुद्धि सोई रहेगी, कर्तव्य कभी पूरे नहीं हो सकते। मां शैलपुत्री का संदेश है–सुस्ती छोड़कर तुरंत जागिए। सत्य के मार्ग पर निष्ठा से पहला कदम बढ़ाना ही इस असुर का वध है। यह चित्र कृति शहर की युवा चित्रकार अनु प्रजापत ने मधुबनी मिथिला शैली में लोकजीवन के लिए बनाई है।

न्यूज इन बाक्स

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

भीलवाड़ा। नवरात्रि स्थापना एवं महाराजा अग्रसेन जयंती, दुर्गाष्टमी, महानवमी, विजयादशमी त्यौहारों/अवसरों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है। जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधु के निर्देशानुसार सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा प्रमोद सिरवी तथा नायब तहसीलदार परमजीत सिंह भाटी को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए भीलवाड़ा तहसीलदार दिनेश कुमार साहू व तहसीलदार, भू अभिलेख लालाराम मीणा को, गांधीनगर, प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार, नगर विकास न्यास राम सिंह गुर्जर व सहायक भू प्रबंध अधिकारी विनोद कुमार गोखरू को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इन स्थानो के अलावा जिले के अन्य स्थानो के लिए संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं संबंधित तहसीलदार कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेंगे। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अति. जिला मजिस्ट्रेट (शहर) भीलवाड़ा प्रतिभा देवठिया को भीलवाड़ा शहर के लिए तथा अति. जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) भीलवाड़ा डॉ. हरीतिमा को भीलवाड़ा शहर को छोड़कर सम्पूर्ण जिले के लिए प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

श्राद्ध का आज अंतिम दिन, 11 से नामांकन के लिए रहेगी भीड़

भीलवाड़ा। पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य के लिए दो दिन (8 व 9 अक्टूबर तक) नामांकन दाखिल हुए। अब तक जिला परिषद के लिए 4 प्रत्याशियों के 4 तथा पंचायत समिति के 8 प्रत्याशियों के 8 नामांकन दाखिल हो चुके हैं। आज व कल अवकाश रहेगा। श्राद्ध का भी आज अंतिम दिन है। कल से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। नामांकन के अंतिम दो दिन 12 व 13 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक फार्म जमा होंगे। चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों में उत्साह रहेगा। जिला परिषद के लिए कलेक्ट्रेट में दिन भर मेला रहने की उम्मीद है।

काशीपुरी-वकील कॉलोनी में गरबा रास एवं सांस्कृतिक संध्या की तैयारी शुरू

भीलवाड़ा। शहर की काशीपुरी-वकील कॉलोनी सुरक्षा समिति के तत्वावधान में नवरात्र के पावन पर्व पर भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति की युवतियों द्वारा आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या 16 और 17 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन काशीपुरी-वकील कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित किया जाएगा। दोनों ही दिन शाम 8 बजे से भव्य गरबा व डांडिया रास का शुभारंभ होगा। समिति की ओर से सभी क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं को इस सांस्कृतिक संध्या में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने व गरबा रास का आनंद लेने का भावभीना आमंत्रण दिया गया है।

रामेश्रम में आज शाम सजेगी घूमर की महफिल, जुटेंगे 6 हजार से अधिक दर्शक

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद की स्वामी विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में शनिवार, 10 अक्टूबर को शाम 7 बजे रामेश्रम में बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक महाकुंभ च्वीणा म्यूजिक घूमर 2026च का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और अनुशासित रूप देने के लिए परिषद द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शाखा के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल एवं सचिव केजी सोनी ने बताया कि वर्ष 2006 के सफल संयोजन के बाद इस बार वीणा म्यूजिक घूमर 2026 का आयोजन और भी विशाल स्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष कुल 6,000 से अधिक जन-उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अकेले भारत विकास परिषद भीलवाड़ा के 1,500 से अधिक सदस्य सहभागिता निभाएंगे। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए 20 विशेष कार्य समितियां गठित की गई हैं। मंच संचालन मिनट-टू-मिनट शेड्यूल के अनुसार रहेगा, जहाँ दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम का सस्वर गायन महिला शाखा द्वारा किया जाएगा। अतिथियों के बैठने के लिए चार प्रमुख खण्ड (चारभुजा, उज्जैन, काशी, मथुरा) बनाए गए हैं। सुरक्षा, पार्किंग, टेंट, एलईडी स्क्रीन, साउंड व पेयजल जैसी व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। परिषद के गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि कार्यक्रम वाले दिन सभी कार्यकर्ता शुभ्र (सफेद) वेशभूषा में भारत विकास परिषद का दुपट्टा धारण कर अपनी सेवाएं देंगे। सभी समिति प्रभारी कार्यक्रम शुरू होने से 2 घंटे पूर्व स्थल पर पहुंचकर अंतिम व्यवस्थाओं को जायजा लेंगे।

नानी-नाती पर जानलेवा हमले के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

भीलवाड़ा। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (महिला उत्पीड़न) के विद्वान न्यायाधीश ने करीब पांच साल पुराने एक दिल दहला देने वाले मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने बनेड़ा कस्बे में एक घर में घुसकर महिला और उसके नाबालिग नाती पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के आरोपी

आबिद हुसैन उर्फ बब्बू निवासी प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर कुल 35 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार बनेड़ा के घाटी के बालाजी रोड निवासी नरेंद्र पुत्र रमेश सांसी ने 15 जुलाई 2021 को थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट के मुताबिक, 14 जुलाई 2021 की रात को उनकी माँ गुरगुल और नौ वर्षीय भानजी तनीषा घर के कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान अज्ञात बदमाश (आबिद हुसैन) ने घर में घुसकर धारदार हथियार से दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेड़ा और फिर बाद में महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान गुरगुल की मृत्यु हो गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक अदिति सेठिया ने मजबूत पैरवी की। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत के समक्ष 27 गवाह और 102 महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश किए गए। इन पुख्ता साक्ष्यों और न्यायिक कार्यवाही के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना। विद्वान न्यायाधीश ने दोषी आबिद हुसैन को भारतीय दंड संहिता की कुल पांच धाराओं के तहत निम्नानुसार सजा और जुर्माना सुनाया है।जिसमें भादस की धारा 302 (हत्या): आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड। धारा 307 (हत्या का प्रयास) आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड। धारा 324 (धारदार हथियार से चोट पहुंचाना) तीन वर्ष का साधारण कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड। धारा 201 (साक्ष्य मिटाना) तीन वर्ष का साधारण कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड। धारा 406 (रात में घर में जबरन घुसना) पांच वर्ष का साधारण कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि दोषी द्वारा अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराई जाती है, तो उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। करीब पांच साल पुराने इस जघन्य मामले में आए इस फैसले से पीड़ित के परिवार को न्याय मिला है।

शारदीय नवरात्र कल सेः पांडालों और मंदिरों में घट स्थापना संग विराजेंगी मातारानी

आजाद चौक में शुरू होगा रामलीला मंचन

शक्तिपीठों पर पदयात्रा कर दर्शन को पहुंचेगे भक्त

भीलवाड़ा। शहर में शारदीय नवरात्र पर्व रविवार से अपार उत्साह, भक्ति और श्रद्धा के साथ शुरू होने जा रहा है। नौ दिवसीय इस महाअनुष्ठान को लेकर शहरभर के प्रमुख शक्तिपीठों, मंदिरों और विभिन्न क्षेत्रों में मां जगदम्बा के स्वागत व घट स्थापना की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। घरों से लेकर भव्य पांडालों तक मातारानी की प्रतिमाएं शुभ मुहूर्त में विधि-विधानपूर्वक विराजित की जाएगी। इसे लेकर बाजारों में शनिवार को प्रतिमाओं की खुब बिक्री हुई। शहर के माणिक्य नगर, हरनी महादेव रोड स्थित हनुमान कॉलोनी तथा विभिन्न चौराहों पर मातारानी की अगवानी के लिए आकर्षक और भव्य पांडाल सजाए गए हैं। हरनी रोड पर जोगणिया माता सेवा समिति की ओर से भव्य पांडाल तैयार किया गया है, जिसमें आकर्षक वस्त्र सज्जा व तोरण द्वार बनाए गए हैं। वहीं शहर के प्रमुख मंदिरों व शक्तिपीठों को रंग-बिरंगी दुधिया रोशनी व विद्युत सजावट से दुल्हन की तरह सजाया गया है। रात होते ही बाबाधाम, हरनी स्थित चामुंडा माता मंदिर और रोडवेज बस स्टैंड स्थित शक्ति धाम रोशनी से सराबोर नज़र आ रहे हैं।

शुभ मुहूर्त में होगी घट स्थापना

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार रविवार सुबह शुभ वेला में घरों और सार्वजनिक पूजा पांडालों में घट स्थापना के साथ 9 दिवसीय शक्ति उपासना का अनुष्ठान शुरू होगा। प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन-अर्चन किया जाएगा। भक्ति संगीत, अखंड ज्योत और गर्बा रास की धुनों पर शहरवासी नौ दिनों तक मातारानी की आराधना में मग्न रहेंगे।

उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्र के प्रथम दिन से ही शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों बाबाधाम, रोडवेज बस स्टैंड स्थित शक्ति धाम और हरनी महादेव स्थित चामुंडा माता मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का भारी तांता लगेगा। सुरक्षा व्यवस्था व सुगम दर्शन के लिए मंदिर कमेटियों और पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उधर आजाद चौक में रविवार से 15 दिवसीय रामलीला मंचन भी शुरू होगा। इसकी भी तैयारियां पूरी की जा रही है।

पत्नी और ससुराल वालों के टॉर्चर से तंग आकर युवक ने खाया जहर

भीलवाड़ा। जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ बेड़च नदी के नजदीक स्थित माताजी के मंदिर परिसर में एक 28 वर्षीय युवक ने सल्फास खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शुक्रवार शाम से घर से लापता हुए राजू का शव शनिवार सुबह मंदिर परिसर में मिलने से पूरे इलाके में कोहराम मच गया और हंसते-खेलते परिवार की तबाही ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। बड़लियास थाना प्रभारी जसंवत सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह मंदिर के पुजारी द्वारा पूजा-

अर्चना के दौरान शव देखे जाने पर पुलिस व ग्रामीणों को सूचना दी गई। मृतक की शिनाख्त बड़लियास निवासी 28 वर्षीय राजू पुत्र रोडू रैगर के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मिली सल्फास की डिब्बी उस खौफनाक सच की गवाही दे रही थी, जिसे राजू अकेले ही घुट-घुट कर जी रहा था। मृतक के भाई मोहन लाल ने पुलिस के सामने जो दर्द बयां किया, वह कलेजा चीर देने वाला है। मोहन ने बताया कि राजू की पत्नी बादाम काफी समय से अपने पीहर नंदवई में रह रही थी। राजू लगातार उसे घर लाने की मिन्नतें कर रहा था, लेकिन पत्नी का दिल नहीं पसीजा। भाई ने आरोप लगाया कि सिर्फ प%ी ही नहीं, बल्कि राजू के सास-ससुराल वालों ने भी उसे जीने नहीं दिया। लगातार दी जा रही गालियां और मानसिक प्रताड़ना ने राजू को भीतर से तोड़ दिया था। अपनों के इसी बेरुखे रवैये और अपमान से आहत होकर राजू शुक्रवार शाम घर से निकला था, लेकिन वह अनजान था कि यह सफर उसकी आखिरी मंजिल बन जाएगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कोटड़ी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद शनिवार दोपहर को गमगीन माहौल में शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मृतक के भाई मोहन लाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और इस हृदयविदारक घटना के पीछे की हर एक सच्चाई का पता लगाने के लिए गहराई से जांच शुरू कर दी है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाजः क्रिकेट लीग की टी-शर्ट लॉन्च, प्रसादी के लिए भट्टी पूजन

भीलवाड़ा। अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाले महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। जयंती महोत्सव के तहत अग्रवाल उत्सव

भवन में विधिवत भट्टी पूजन के साथ महाप्रसाद निर्माण की तैयारियों की शुरुआत की गई, वहीं बहुप्रतीक्षित अग्रसेन क्रिकेट प्रीमियर लीग की यूनिफॉर्म व आधिकारिक ध्वज का विमोचन कर खेल प्रतियोगिताओं का बिगुल बजाया गया। जयंती महोत्सव की विधिवत शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी, जिसमें सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी। इसी दिन समस्त अग्रबंधुओं के लिए भगवान अग्रसेन जी की महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन के तहत क्रिकेट लीग में 9 टीमें दिखाएंगी दमः इस बार प्रीमियर लीग में जोन समितियों की 5 टीमें और महिला मंडल की 4 टीमें भाग ले रही हैं। महिला मंडल की सहभागिता से समाज की महिला खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा। ट्रस्ट पदाधिकारियों, कप्तानों और आयोजन समिति के संयोजकों दीपक गुप्ता व अजय लोहिया की मौजूदगी में सभी 9 टीमों की टी-शर्ट और झंडे जारी किए गए। भट्टी पूजन के साथ ही भोजन निर्माण समिति ने तैयारियां संभाल ली हैं ताकि महाप्रसाद प्रत्येक अग्रबंधु तक श्रद्धा और प्रेम के साथ पहुंचे। आयोजनों के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खेमका, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, सुनील मानसिंहका, पंकज मानसिंहका,राकेश बूबना,अनूप सांगानेरिया, राकेश सिंघल,शीलेन्द्र गोयल सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संविदा कर्मचारी व आशा सहयोगिनी को चुनाव लड़ना है तो देना होगा इस्तीफा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बिना वेतन छुट्टी लेकर पंचायतीराज संस्थाओं का चुनाव लड़ सकेंगी। संविदा कर्मचारी और आशा सहयोगिनी पदों पर रहते हुए चुनाव नहीं लड़ सकेंगी। यदि उन्हें चुनाव लड़ना है तो पहले इस्तीफा देना होगा। वह मंजूर होने के बाद वे चुनाव लड़ सकेगी। राशन डीलर का पद लाभ का पद नहीं माना गया है और उन्हें चुनाव लड़ने की छूट दी गई है। संविदा कर्मचारी और आशा सहयोगिनी के पद को लाभ का पद माना गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतीराज चुनाव लड़ने के मामलों में सभी कलेक्टर को आदेश जारी किए हैं।

लाभ के पद पर रहते हुए कोई व्यक्ति पंचायती राज संस्था का चुनाव नहीं लड़ सकता। ऐसे में प्रदेश में काम कर रहे संविदा कर्मचारी और आशा सहयोगिनी बिना इस्तीफा दिए पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकते।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव राजेश वर्मा ने आदेश में बताया कि विद्या संबल योजना में काम करने वालों को लेकर कोर्ट का कोई आदेश उपलब्ध नहीं है, लेकिन इन्हें सरकार से सेलरी मिलती है। ऐसे में रिटर्निंग अधिकारी इनके अपॉइंटमेंट लेटर, सैलरी आदि की जांच करेगा। किसी भी तरह का संदेह होने पर इन्हें चुनाव लड़ने से पहले इनका इस्तीफा लिया जाना सही रहेगा।

राशन डीलर को चुनाव लड़ने की अनुमति साल 2014 के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर दी गई है। मांगी देवी बनाम राजस्थान सरकार के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया था। इस केस में सरपंच चुनाव के नामांकन को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि उम्मीदवार राशन की दुकान चला रहा था और उसके खिलाफ जांच चल रही थी। तब हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि केवल इस आधार पर उसे अयोग्य नहीं माना जा सकता।

प्रशासक लगे सरपंचों को देना होगा इस्तीफा

प्रशासक लगे सरपंचों के चुनाव लड़ने पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर निर्णय करने को कहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिस तरह के सवालों पर विचार करने को कहा है। उसके आधार पर प्रशासक लगे सरपंचों को चुनाव लड़ने से पहले इस्तीफा देने को कहा जा सकता है। प्रशासकों के मामले में यह देखना होगा कि क्या उनकी नियुक्ति सरकार ने की है? क्या सरकार के पास उन्हें हटाने का अधिकार है? क्या उस पद से कोई वेतन मानदेय या कोई भी आर्थिक लाभ जुड़ा हुआ है? उनके कामों की प्रकृति क्या है? सरकार से उसे पद पर कितना कंट्रोल रखा जाता है?

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसः एमजीएच में शपथ अभियान में कलेक्टर ने दिया संवाद और तनाव प्रबंधन पर जोर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शनिवार को महात्मा गांधी अस्पताल के एकेडमिक हॉल में मानसिक स्वास्थ्य डिजिटल शपथ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शिरकत की। आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल पूजा गंगराड़े एवं एमजीएच अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़ की मौजूदगी रही। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के समस्त संकाय सदस्यों (फैकेल्टी) एवं चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक संवाद पर बल दिया।

कलेक्टर ने कहा कि जब व्यक्ति में आत्मविश्वास की कमी (अंडर-कॉन्फिडेंस) आने लगती है, तब यदि हम उससे सही तरीके से संवाद न करें या बातचीत बंद कर दें, तो उसका आत्मविश्वास और गिरने लगता है। उन्होंने कहा, हमें दूसरों से बात करते समय संवेदनशील रहना चाहिए। अगर हमारी बातचीत के एक गलत तरीके से सामने वाला व्यक्ति हमसे बात करना बंद कर देगा, तो वह अपना आत्मविश्वास कभी नहीं बढ़ा पाएगा। जिला कलेक्टर ने उपस्थित चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टूडेंट्स से आह्वान किया कि वे लोगों को जागरूक करें ताकि जरूरत पड़ने पर वे बिना किसी झिझक या सामाजिक संकोच के विशेषज्ञों और मनोचिकित्सकों की मदद ले सकें।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त डॉक्टरों, संकाय सदस्यों एवं संभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की डिजिटल शपथ ली।

अभियान के तहत तनाव प्रबंधन, कार्यस्थल पर स्वस्थ मानसिक माहौल बनाने तथा अवसाद या मानसिक तनाव से जूझ रहे लोगों की संवेदनशीलता के साथ मदद करने का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान एमजीएच अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़ एवं मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल पूजा गंगराड़े ने भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और निरंतर परामर्श सेवाओं की उपलब्धता पर अपने विचार व्यक्त किए।

मेडिकल कॉलेज के 90 इर्टंस 5 महीने से स्टाइपेंड न मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

एमजीएच के आपातकालीन विभाग के बाहर किया विरोध प्रदर्शन प्राचार्य को ज्ञापन देकर बोले पैसे नहीं मिलने तक करेंगे कार्य बहिष्कार

भीलवाड़ा। राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महात्मा गांधी चिकित्सालय के 90 इंटर्न डॉक्टर्स ने पिछले पांच महीनों से स्टाइपेंड का भुगतान नहीं होने के विरोध में शनिवार से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और हड़ताल शुरू कर दी है। शनिवार को सभी 90 इंटर्न डॉक्टर्स एमजीएच के आपातकालीन विभाग के बाहर एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. पूजा गंगराड़े को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं रखीं। प्रिंसिपल ने डॉक्टर्स को सोमवार को अकाउंट सेक्शन से वार्ता कर समाधान निकालने का भरोसा दिलाया।

लिखित स्पष्टीकरण और भुगतान होने तक संघर्ष का ऐलान

आंदोलित इंटर्न डॉक्टर्स ने दो टूक स्पष्ट कर दिया है कि जब तक पूरे पांच माह का बकाया स्टाइपेंड उनके बैंक खातों में क्रेडिट नहीं हो जाता और इस लंबी देरी को लेकर अकाउंट्स विभाग की ओर से संतोषजनक लिखित स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। डॉक्टर्स ने कॉलेज प्रशासन व उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया जाए, ताकि हड़ताल के चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

अकाउंट सेक्शन पर लापरवाही और अनदेखी का आरोप

सौंपे गए ज्ञापन में इंटर्नस ने अकाउंट्स विभाग पर गंभीर लापरवाही, संवादहीनता और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का आरोप लगाया। डॉक्टर्स का कहना है कि बार-बार लिखित व मौखिक गुहार लगाने के बावजूद उनकी कोई सुध नहीं ली गई। लगातार 5 महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें भारी आर्थिक संकट और मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है। युवा डॉक्टर्स का कहना है कि दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे रहने के बावजूद उनके बुनियादी अधिकारों की अनदेखी की जा रही है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है।

राष्ट्रीय लोक अदालत शुरू, 21 बेंचों पर मामलों का हो रहा है त्वरित निस्तारण

भीलवाड़ा। जिले में इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को शुरू हुई। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत को लेकर जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न न्यायालय परिसरों में सुबह

से ही आमजन की भीड़ देखने को मिल रही है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अभय जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेगा लोक अदालत में सिविल, फौजदारी और राजस्व मामलों का आपसी सहमति से ऑन-द-स्पॉट निस्तारण किया जा रहा है। जिले में मामलों के सुचारू और त्वरित निस्तारण के लिए कुल 21 विशेष बेंचों का गठन किया गया है। इन बेंचों में न्यायिक अधिकारी, राजस्व अधिकारी और अनुभवी अधिवक्त ा सदस्य के रूप में पक्षकारों के बीच आमने-सामने बैठकर समझाइश कर रहे हैं, जिससे वर्षों से अटके विवादों का आज ही सौहार्दपूर्ण समाधान निकल रहा है। प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों, जैसे बैंक ऋण, बिजली-पानी के बिल और चेक बाउंस (एनआई एक्ट) से जुड़े प्रकरणों में मूल राशि से भी कम भुगतान और ब्याज में भारी छूट का लाभ दिया जा रहा है। हाथों-हाथ फैसले होने से आमजन को अदालती चक्करों से मुक्ति मिल रही है। पारंपरिक अदालतों की लंबी और औपचारिक प्रि या से दूर, लोक अदालत का माहौल बेहद सहज और खुला है। यहां दोनों पक्षों को अपनी बात खुलकर रखने का मौका मिल रहा है। किसी भी पक्ष पर कोई भी समझौता थोपा नहीं जा रहा, बल्कि दोनों पक्षों की स्वेच्छिक सहमति के आधार पर ही अंतिम आदेश पारित किए जा रहे हैं। इस अनूठी पहल से पक्षकारों का धन और समय दोनों बच रहा है।

दुकान के ताले तोड़कर नकदी चुराई, अंदर आग लगाकर मचाया तांडव

भीलवाड़ा। शहर के रीको थर्ड फेज औद्योगिक क्षेत्र में बदमाशों के हौसले पूरी तरह बुलंद नजर आ रहे हैं। बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक चाय की दुकान को निशाना बनाते हुए जमकर तांडव मचाया। बदमाशों ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर न केवल गल्ले से नकदी और सिगरेटें चुरा लीं, बल्कि इलाके में दहशत फैलाने के लिए दुकान के अंदर आग भी लगा दी। इस दुस्साहसिक वारदात से क्षेत्र के दुकानदारों में भारी रोष और खौफ व्याप्त है। लेबर कॉलोनी निवासी पीड़ित दुकानदार सोनूसिंह ने बताया कि वह पिछले 8 वर्षों से रीको थर्ड फेज में महाकाल टी-स्टॉल चला रहा है। बीती रात जब दुकान पूरी तरह बंद थी, तब बेखौफ बदमाशों ने ठीक रात 12 बजे शटर के ताले तोड़ दिए। अंदर घुसकर उन्होंने गुटखे, नमकीन, बिस्कुट बिखेर दिए और सिगरेट के पैकेट समेटने के साथ गल्ले में रखे करीब ढाई हजार रुपये नकद चुरा ली। इतना ही नहीं, क्रूरता की हद पार करते हुए बदमाशों ने दुकान में आग लगा दी, जिससे कुर्सियां, टीनशेड और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। रात करीब सा? बारह बजे आग लगने की सूचना मिलने पर जब पीड़ित मौके पर पहुंचा, तो उसने मोटर चलाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पुलिस अब इलाके के तमाम सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है ताकि इन शातिर बदमाशों की पहचान कर सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

जीतो चेयरमैन डांगी का नागरिक अभिनंदन आज, सहकारिता मंत्री भी आएंगे

कल जीतो भीलवाड़ा चैप्टर की कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) अपेक्स के नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय डांगी आज दोपहर बाद दो दिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा आ रहे हैं। वे दोपहर 2 बजे हमीरगढ़ हवाई पट्टी आएंगे। वहां से कार रैली के रूप में लाया जाएगा। फिर डांगी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

डांगी के जीतो अपेक्स चेयरमैन बनने के बाद पहली बार भीलवाड़ा आने पर आज शाम 4 बजे शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में राष्ट्र संत, मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। नागरिक अभिनंदन समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक एवं सम्माननीय अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक अशोक कोठारी होंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा, महापौर जसवंत कंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमानी होंगे। नागरिक अभिनंदन समिति में शामिल महावीरसिंह चौधरी, तिलोकचंद छाबड़ा, रामपाल सोनी, पवनकुमार खेमका, प्रवीण चौधरी, डॉ.सम्पतलाल जैन आदि ने अधिकाधिक शहरवासियों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

आज रात ओपन चर्चा, कल शपथग्रहण समारोह

जीतो अपेक्स चेयरमैन डांगी रात 8.30 बजे रीको क्षेत्र स्थित ओरियम रिसोर्ट में आयोजित विशेष ओपन चर्चा में शामिल होंगे। डांगी 11 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे ओरियम रिसोर्ट में जीतो भीलवाड़ा चैप्टर, लेडिज विंग एवं यूथ विंग की नवगठित कार्यकारिणी के पदस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन, महापौर जसवंत कंवर एवं उप महापौर राधेश्याम सोमानी होंगे। भीलवाड़ा चैप्टर के नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ. संपतलाल जैन, चीफ सैकेट्री अकिन चौधरी, जीतो लेडिज विंग की चेयरपर्सन नेहा नाहर, यूथ विंग के चेयरपर्सन प्रतीक बुलिया के नेतृत्व में कार्य म को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

कारोबारी ग्राहक एवं सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। कर संग्रह कर राजस्व जमा करवाता है उसे संदेह की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। **शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता**

दैनिक लोकजीवन

जीएसटी-गिरफ्तारी अधिकार खत्म

जीएसटी अर्थात गुड्स एण्ड सर्विस टेक्स के तहत पूरे देश में एक समान कर दर के साथ ही जीएसटी परिषद लगातार हर माह समीक्षा के साथ कर दरों का पुनर्निधारण कर आम उपभोक्ता तथा कारोबारियों को आने वाली परेशानियों पर भी सकारात्मक कदम उठाती रही है और आगे भी सुधार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहने वाली है। इसमें संदेह नहीं कि जीएसटी लागू होने के बाद से सरकार को कर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके दो सीधे कारण है पहला जब कर कम अथवा उचित होगा तो व्यापारी ईमानदारी से कर संग्रह कर जमा करवायेगा। दूसरा कारोबारियों की समस्या का समाधान निकाला जाएगा तो स्वतः वे अधिक ईमानदारी से कारोबार करते हुए कर जमा करवायेंगे। इसके बावजूद आम व्यापारियों को संदेह की दृष्टि से देखा जाना अथवा छोटी बड़ी गलतियों पर उनसे अपराधी के समान व्यवहार किये जाने का रोष स्वाभाविक है। सरकार के लिए कर संग्रह कर समय पर जमा करवाने के बावजूद व्यापारी को चोर ही माना जाता है। छोटी बड़ी गलतियों पर अर्थदण्ड एवं जीएसटी अधिकारी को व्यापारी को गिरफ्तार करने का अधिकार बेहद चिंताजनक था। अर्थात जीएसटी अधिकारी व्यापारी को गिरफ्तार कर सकता था। इसे इंस्पेक्टर राज की संज्ञा इसीलिए दी गई कि इस अधिकार के चलते कारोबारी को ब्लेक मेल करने तथा छूट के बदले आर्थिक लेन-देन होना संभव था।

जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दरों में तो कोई बदलाव नहीं किया गया लेकिन जीएसटी अधिकारी को गिरफ्तार करने का अधिकार छीनने सहित कई राहतकारी फैसले लिये गये। 2017 के बाद पहली बार टेक्स व्यवस्था में बदलाव करते हुए जीएसटी काउंसिल ने टेक्स अफसरों से गिरफ्तारी का अधिकार छीन लिया है। पहले धारा-69 के तहत कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जाता था तथा न्यूनतम सजा का प्रावधान भी समाप्त कर दिया है। अब कानूनी कार्यवाही भी जाएगी। यह घोषणा केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। उन्होंने बताया कि कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए न्यूनतम सीमाए एक करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ कर दी गई है अर्थात 5 करोड़ रुपये तक के मामलों में कारोबारी पर आपराधिक केस नहीं चलेगा। इससे छोटे कारोबारियों को राहत मिलेगी। अब दस हजार तक की टेक्स चोरी पर नोटिस नहीं दिया जाएगा। अभी यह सीमा एक हजार रुपये थी। रिटर्न देरी से भरने पर न्यूनतम पेनल्टी 25 हजार से घटाकर दस हजार कर दी गई है। अपंजीकृत व्यक्ति ई-कामर्स से सामान डिलीवरी करता है तो जीएसटी 18 से घट कर 5 प्रतिशत लगेगी। एक राज्य का व्यापारी दूसरे राज्य में बिना ऑफिस लिये काम कर सकेगा। परिषद ने तय किया कि एक की गलती के लिए सबको सजा देने की बजाय सिर्फ उसके ठीक बाद वाले का रिटर्न रोकने और बाकी को रिटर्न देने के लिए अधिकारियों समिति का का गठन किया जाएगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि जीएसटी को अधिक सुगम व सरल बनाने के साथ ही कारोबारियों को राहत देते हुए सहयोगात्मक व्यवहार किया जाना होगा।

कड़वी घूंट -सूरज

छात्र दाखिलों की खरीद ...

सरकारी कर्मचारी विशेष कर शिक्षकों में यदि किसी का खौफ है तो वह है तबादला। तबादले का नाम सुनकर ही मानो सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है। अन्यथा ये न किसी की सुनते है और न ही किसी को गिनती में गिनते है। यदि तबादला हो गया तो उनकी सारी दुनियादारी ही बदल जाती है। इसलिए किसी भी कीमत पर अपना तबादला रूकवाने के लिए तैयार हो जाते है।

विपरित इसके सरकार इन पर चाहे जितना अतिरिक्त कार्यभार सौपती रहे वे आज्ञा का पालन करते रहेंगे, सरकार को पता है कि वे अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाते है। इसलिए शिक्षकों पर नामांकन व परीक्षा परिणाम को लेकर दबाव बनाया जाता है ताकि तबादले के डर से झूठी सच्ची ही सही उपलब्धियां लेना शुरू कर देते है।

हां महाराष्ट्र में 30 छात्रों पर एक शिक्षक का नियम बना हुआ है। यह संख्या कम होने पर शिक्षक अतिरिक्त घोषित हो जाता है और उसका तबादला अन्यत्र हो सकता है इसलिए इससे बचने के लिए शिक्षक ही दाखिलों की सौदबाजी करके छात्रों के दाखिले खरीद रहे है। हजारों रूपये देकर भी छात्रों की खरीद कर रहे है ताकि संकट से बच जाय। अब यह आप जानो कि ऐसी डील दूसरी स्कूलों से होती है या नये छात्र तलाशे जाते है ताकि नामांकन कम न होने पाये।

नवरात्र स्थापना के दिन निर्वाचन प्रशिक्षण में परिवर्तन किया जाए

भीलवाड़ा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा), जिला भीलवाड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र बड़वा की अध्यक्षता में एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर 11 अक्टूबर को नवरात्र स्थापना के दिन निर्धारित प्रथम निर्वाचन प्रशिक्षण कार्य म की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की।जिला मंत्री ईश्वर सिंह चौधरी ने बताया कि नवरात्र स्थापना के दिन अनेक परिवारों में घट स्थापना, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। इस दिन निर्वाचन प्रशिक्षण निर्धारित होने से शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों को धार्मिक कार्य मों में सम्मिलित होने में असुविधा होगी। चौधरी ने पंचायत चुनाव में कार्मिकों के मतदान के अधिकार का मुद्दा उठाते हुए बताया कि पंचायत चुनाव विभिन्न चरणों में आयोजित किए जाते हैं। ऐसी स्थिति में जिस चरण में किसी कार्मिक की स्वयं की पंचायत में चुनाव हो, उस चरण में उसकी ड्यूटी अन्य पंचायत अथवा अन्य खंड में लगाई जानी चाहिए, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान विनोद झंवर, अजीत सिंह, राजेंद्र शर्मा, प्रेम शंकर व्यास, दिनेश शर्मा, सत्यनारायण मंत्री एवं महेश मंडोवरा उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय चित्रकला में जान्हवी, वाद-विवाद में राघव प्रथम

भीलवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संस्था प्रधान सुनीता नानकानी ने की। जिले के 13 पीएम श्री विद्यालयों के चित्रकला में 26 और वाद-विवाद में 25 प्रतिभागी शामिल हुए। 'इस सदन की सम्मति में वर्तमान भारत 25 करोड़ बच्चों के सपनों को साकार करने में सक्षम हैं' विषय पर वाद-विवाद में प्रथम राघव गर्ग (मांडलगढ़) व द्वितीय सोनाक्षी मेवाड़ा (आसींद) रहा। 'मेरा सपना, मेरा भारत' विषय पर चित्रकला में प्रथम जान्हवी जंगम (बापू नगर) व द्वितीय खुशी बैरवा (गुलाबपुरा) रहे। मुख्य अतिथि नीरज गंगवाल परियोजना अधिकारी रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन स्नेहलता सनाढ्य ने किया। निर्णायक अरुण शर्मा एवं दिनेश शर्मा (प्रधानाचार्य) तथा विद्या टेलर, रेखा शर्मा संजू शर्मा एवं महेंद्र सिंह धायल रहे।

महापौर जसवंत कंवर एवं उपमहापौर सोमानी का वार्ड 13 में भव्य स्वागत

भीलवाड़ा। चारभुजा मंदिर समिति एवं समस्त वार्डवासियों ने महापौर जसवंत कंवर एवं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी का स्वागत किया।दोनों जनप्रतिनिधियों ने वार्ड नंबर 13 में दौरा किया। शुरुआत चारभुजा नाथ मंदिर ए व सी सेक्टर से हुई। मंदिर समिति एवं वार्ड वासियों ने महापौर व उप महापौर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। महापौर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।पार्षद हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्य म में वार्ड के विकास को लेकर चर्चा हुई। पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा कि महापौर के मार्गदर्शन में वार्ड 13 के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाया जाएगा।

झूलेलाल मंदिर में 9 दिन सजेगा माता का दरबार, होगी घट स्थापना

अर्धचेटी चंड्र का सोमवार को होगा आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर में शाम की सब्जी मंडी स्थित झूलेलाल मंदिर में अश्विन नवरात्र के उपलक्ष में कल रविवार से 9 दिनों तक माता का दरबार सजेगा। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूल चंद बहरवानी ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत सिंधी समाज के अग्रणी सेवा प्रकल्प झूलेलाल नवयुवक सेवा संस्थान द्वारा अपने सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत 11 अक्टूबर को मंदिर में सुबह सवा 10 बजे से कई जजमानों व श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत घट स्थापना के साथ 9 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत होगी।

वहीं दूसरे दिन सोमवार 12 अक्टूबर को सिंधी समुदाय के आराध्य देव भगवान झूलेलाल साहेब के परिनिर्वाण दिवस (असु चंड्र) समारोह के अंतर्गत सुबह से भगवान झूलेलाल की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक सहित विभिन्न आयोजन होंगे। वरिष्ठ समाजसेवी हेमन दास भोजवानी के अनुसार घट स्थापना के दौरान श्री राम सेवा मण्डल के गायक कलाकारों द्वारा स्वर लहरियां बिखेरकर भजनाजलि से माता भगवती का आव्हान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह सवा 11 बजे से मंदिर में भगवान झूलेलाल साहेब जी के परिनिर्वाण दिवस असु चंड्र के उपलक्ष में ध्वज की पूजार्चना, भजन-कीर्तन पल्लव व अन्य आयोजन कर संत महात्माओं के सानिध्य में ध्वजारोहण होगा। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा के बीच परंपरागत छेज खेलकर झूलेलाल स्तुति सहित कई पांजड़ों का गायन व सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन भी होगा। बाद में शेवाधारियों का दल पूज्य बहराणा साहब सहित नसीरा बाद के लिए प्रस्थान करेगा जहां स्थानीय सिंधी समाज के साथ उत्सव जाएगा। संस्थाध्यक्ष चेला राम लखवानी ने बताया कि नवरात्रि आयोजन के दौरान अष्टमी पर अष्टमी तिथि पर सामूहिक कन्या पूजन का भी आयोजन किया जाएगा।

अग्रसेन जयंती महोत्सव कल निकलेगी शोभायात्रा,वाहन रैली

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

अग्रवाल समाज के आराध्य देव भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती को लेकर रविवार 11 अक्टूबर को शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए श्री अग्रसेन मंडल बिजयनगर के अध्यक्ष विजय कुमार बिंदल ने बताया कि अग्रसेन भगवान की भव्य शोभायात्रा झांकियो के साथ रविवार 11 अक्टूबर को सायंकाल रेल्वे स्टेशन स्थित अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर वैष्णव भवन पहुचेगी। इसी प्रकार आज शनिवार 10 अक्टूबर को पूर्व संध्या पर वाहन रैली वैष्णव भवन से रैली निकाली जाएगी। अग्रसेन जयंती महोत्सव पर आयोजित आठ दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक, खेल प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों में समाज बंधुओं द्वारा जोर शोर से उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई जा रही है। अग्रसेन मंडल बिजयनगर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, सदस्य महिला,पुरूष, युवा बालक बालिकाएं व सभी संगठनों के सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

मंगरोप स्कूल में करुणा क्लब की स्थापना 101 बच्चों को बांटे स्कूल बैग व मोजे

भीलवाड़ा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगरोप में करुणा क्लब की स्थापना की गई। 101 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग तथा 75 विद्यार्थियों को मोजे बांटे गए। मुख्य अतिथि करुणा केंद्र की कार्यकारी अध्यक्ष निर्मला सिंघवी थी। अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक अदालत के सदस्य शांतिलाल जैन ने की। विशिष्ट अतिथि करुणा केंद्र के अध्यक्ष घनश्याम कास्ट, महामंत्री प्रेम शंकर जोशी तथा समाजसेविका सुनीता मेवाड़ा रहीं। प्रधानाचार्य राजेश वैष्णव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में वक्ताओं ने शाकाहार सर्वोत्तम आहार का संदेश देते हुए बच्चों को पेड़-पौधे और प्रकृति के संरक्षण तथा पीड़ित मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी ने करुणा की शपथ ली। महामंत्री प्रेम शंकर जोशी ने बच्चों को करुणा प्रार्थना बुलवाते हुए अर्थ समझाया। संगीता नागोरी को करुणा क्लब के प्रभारी एवं वर्षा देराश्री सह-प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। उप प्रधानाचार्य विमला जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

सिडबी करेगा मेवाड़ चैंबर से एमओयू, एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए होगा काम

भीलवाड़ा। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सीडबी) की ओर से सोमवार 12 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के ''लीडर्स लाउंज'' में उद्योग संघों का राष्ट्रीय सम्मेलन के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस कॉनक्लेव में मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से अध्यक्ष अनिल मिश्रा एवं मानद महासचिव आर. के. जैन भाग लेंगे। सिडबी द्वारा आयोजित यह सम्मेलन उद्योग संघों, एमएसएमई हितधारकों, नीति निर्माताओं और सरकारी संस्थाओं को एक मंच पर लाने का एक प्रमुख माध्यम है। कार्य म का मुख्य उद्देश्य सार्थक संवाद, सहयोग और ज्ञान का आदान-प्रदान करना है। चैम्बर के मानद महासचिव आर के जैन ने बताया कि सीडबी की ओर से पूरे देश में 90 औद्योगिक क्लस्टर से 105 औद्योगिक संगठनों के साथ एमओयू किये जाकर एमएसएमई सेक्टर के हितों के विकास के लिए कार्यक्रम बनाया गया है।

डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा की जयंती पर असहाय बच्चों को बांटी शैक्षिक सामग्री

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजौलियां

डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा मेमोरियल संस्थान और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में केशुविलास प्राइमरी स्कूल में एक गरिमामय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों को स्कूल शूज, मोजे, पाठ्य पुस्तकें, पठन सामग्री, फल एवं बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. मेहर, भारत विकास परिषद शाखा सचिव वेदप्रकाश तिवाड़ी, मुकेश धनोपिया और अंकित तिवाड़ी सहित अन्य वक्ताओं ने डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा के व्यक्तित्व, कृतित्व और उनके उच्च आदर्शों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उपस्थित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे डॉ. मेवाड़ा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाजसेवा के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। संस्थान के एडवोकेट चंद्रशेखर मेवाड़ा ने बताया कि सामाजिक सरोकारों को समर्पित यह संस्थान पिछले 12 वर्षों से लगातार स्वर्गीय डॉ. मेवाड़ा की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य निस्वार्थ सेवा कार्यों के माध्यम से पीड़ित एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना तथा डॉ. मेवाड़ा के सेवाभाव को निरंतर आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर एसीबीओ कन्हैयालाल शर्मा, ओम मेड़तिया, अंकिता मेवाड़ा, धर्मचंद कुमावत, गोपाल सोनी, निलेश नलवाया, किशन त्रिपाठी, बबलू मेवाड़ा, महेंद्र पंवार, जितेंद्र गहलोत, कान्हा यादव, मुकेश नायक सहित भारत विकास परिषद और मेमोरियल संस्थान के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

निबंध लेखन की विजेताओं का सम्मान, सन्दर्भ पुस्तकें वितरित

भीलवाड़ा। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पोटलां में चूरिया मूरिया शिक्षा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सेवा संस्था द्वारा समाजसेवी रामेश्वर लाल आगाल के मुख्य आतिथ्य एवं डीडीओ अरुण कुमार की अध्यक्षता में कक्षा दसवीं की 34 बालिकाओं को संदर्भ पुस्तकें और स्टेशनरी निःशुल्क वितरित की गई। सचिव हेमलता अगनानी ने बताया कि सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार आसोपा ने सही खानपान,संतुलित आहार, रमेश अगनानी ने पर्यावरण प्रदूषण, सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभाव बताकर इनके रोकथाम का संकल्प दिलाया। हेमलता अगनानी ने बालिका शिक्षा पर विचार व्यक्त किए। बाल विवाह और दहेज प्रथा एक अभिशाप विषय पर निबन्ध लेखन में विजेता नव्या शर्मा और मीना माली को सम्मानित किया गया। संचालन व्याख्याता सीमा छीपा ने किया। संस्था प्रधान चन्दन बाला सुथार ने आभार व्यक्त किया। मुकेश पालीवाल सहित स्टाफ, छात्राएँ उपस्थित थे।

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : न.नि.भी/राजस्व/2026-27/35 दिनांक :- 09/10/2026

आम सूचना

श्री शफी मोहम्मद पुत्र श्री वली मोहम्मद सिलावट को नगर विकास न्यास भीलवाड़ा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार योजना भीलवाड़ा में स्थित आवासीय भूखण्ड सं. 229-बी साईज 20'X49'=108.88 वर्गगज का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री शंकरलाल पुत्र श्री छीतरमल समदानी के नाम से नामान्तरित होकर दर्ज है। उक्त भूखण्ड श्री शंकरलाल पुत्र श्री छीतरमल समदानी ने श्री रमेशचन्द्र समदानी पुत्र श्री शंकरलाल समदानी को पंजीकृत वसीयत किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2026-27/211104 से ऑनलाईन आवेदन किया गया।

श्री रमेशचन्द्र समदानी पुत्र श्री शंकरलाल समदानी ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत विक्रय-पत्र पूर्व में जारी नामान्तरण आदेश की फोटोप्रति अपलोड कर उपरोक्त भुखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांक:प.8 (ग) (1) नियम / डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है।

अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर श्री रमेशचन्द्र समदानी पुत्र श्री शंकरलाल समदानी के पक्ष में उक्त भुखण्ड का नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
नगर निगम, भीलवाड़ा

भीमगंज बस्ती का द्विधारा संगम पथ संचलन आज रात

भगवा ध्वज के सामने मोबाइल की टॉर्च जलाकर करें सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष पर भीलवाड़ा महानगर की भीमगंज बस्ती का पथ संचालन आज रात 8 बजे दूधाधारी गोपाल मंदिर एवं कोली पाड़ा समाज का नोहरा, कोली मोहल्ले से प्रारंभ होगा। द्विधारा पथ संचलन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह आयोजन विजयदशमी 20 अक्टूबर को भीलवाड़ा महानगर के विशाल त्रिवेणी संगम की तैयारियों के तहत किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि भीमगंज बस्ती का पथ संचलन आज साय 8 बजे दो स्थानों से प्रारंभ होगा। पहले दूधाधारी गोपाल मंदिर सांगानेरी गेट, दूसरा कोलीपाडा समाज का नोहरा कोली मोहल्ला से प्रारंभ होकर भदादा मोहल्ला में दोनों पथ संचलन का भव्य संगम होगा। तरुण व प्रोड शाखा के संगम के बाद संचलन के भदादा मोहल्ला सेकंड से नाडी मोहल्ला, धान मंडी अग्रवाल मंदिर गली, गोवर्धन मूंगफली, कल्कीपुरा कसारा मंदिर से होते हुए नेहरू रोड से दूधाधारी मंदिर पर समापन होगा जहां पर दूध प्रशाद वितरण किया जाएगा। विभिन्न समाजों एवं परिवारों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की जाएगी। तरुण व प्रोड शाखा के द्वि धारा पथ संचलन के संगम भदादा मोहल्ले पर विशाल स्तर पर श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा फूलों से पुष्प वर्षा स्वागत किया जाएगा। भीमगंज बस्ती द्विधारा पथ संचलन में यह निर्णय लिया गया कि सभी बस्ती वासियों को संदेश दिया है कि पथ संचलन के दौरान भगवा ध्वज के निकलते समय अपनी मोबाइल की टॉर्च जलाकर सम्मान व्यक्त करें।

सीता स्वयंवर, कृष्ण की बाललीलाओं की प्रस्तुतियों से दर्शक मंत्रमुग्ध

भीलवाड़ा। स्पिक मैके एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित विरासत-2026 के तहत विश्व विख्यात सत्रीय नृत्यांगना डॉ.अन्वेषा महंत की दो प्रस्तुतियाँ आयोजित की गई। प्रथम प्रस्तुति यूरो अकादमी सेकेंडरी स्कूल, आटूण रोड एवं द्वितीय प्रस्तुति बजे मूक बधीर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, कुवाड़ा रोड में हुई। प्रथम प्रस्तुति में सत्रीय नृत्य के इतिहास एवं परंपरा की जानकारी देते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में माखन चोरी आदि की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही विद्यार्थियों को हस्त मुद्राएँ भी सिखाई गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी कैलाश सोनी एवं विशिष्ट अतिथि सुनील बांगड़ रहे। दूसरी प्रस्तुति मेवाड़ चैम्बर डेवलपमेंट ट्रस्ट के सहयोग से मूक बधिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुवाड़ा रोड में हुई। अन्वेषा ने भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति से करते हुए सत्रीय नृत्य की शुरुआत की। इसके बाद रामायण की कथा में सीता स्वयंवर में राम द्वारा धनुष भंग की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बधिर विद्यालय की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य एवं अंध विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि मेवाड़ चेम्बर डेवलपमेंट ट्रस्ट के मानद सचिव एवं समाजसेवी एम.के.जैन तथा विशिष्ट अतिथि कथक गुरु रमा पचीसिया, विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर संतना, अध्यापक एवं विद्यार्थियों के माता-पिता सहित लगभग 400 लोग उपस्थित रहे।आदित्य, अतिथियों एवं आयोजकों द्वारा कलाकारों को स्मृतिचिह्न दिए गए।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/4558

:- आम सूचना :

एतद्द्वारा श्री घनश्याम विश्नोई पुत्र श्री चतुर्भुज विश्नोई राजस्व ग्राम पांसल की आराजी 2600/1 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 64 साईज 20X25=55.55 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

भूखण्डधारी के जरिये सबडिविजन अनुसार उक्त भूखण्ड़ में से भूखण्ड़ संख्या 64 साईज 20 फिट बाई 25 फिट श्रीमती अंजू देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार तोषनीवाल को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री घनश्याम विश्नोई पुत्र श्री चतुर्भुज विश्नोई द्वारा श्रीमती संजु लुहार पत्नीश्री नारायण लाल लुहार द्वारा नामान्तरण चाहा है।

श्रीमती संजु लुहार पत्नीश्री नारायण लाल लुहार द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम भीलवाडा (राज.)

कमांक नि.नि.भी./ई–बस/2026–27/12240-43 दिनांक 29-09-2026

विज्ञप्ति

पीएम ई–बस योजनान्तर्गत भीलवाड़ा शहर मे ई–बस डिपो संचालन हेतु कार्मिक (क–2) विभाग, राज्य सरकार के परिपत्र कमांक एफ.17(10) डीओपी/ए–11/94 जयपुर, दिनांक 28.03.2023 के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार सरकारी/राजस्थान परिवहन निगम/अर्द्धसरकारी/ राजकीय उपकम से सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारियो की सेवायें समेकित पारिश्रमिक पर ली जानी है, जिनका विवरण निम्नानुसार है–

क.सं.	पद नाम	ग्रेड पे/ पे लेवल मेट्रिक्स	पद
1	प्रबन्धक यातायात	4800 (L-12)	01
2	यातायात निरीक्षक	3600 (L-10)	03
3	सहायक यातायात निरीक्षक	2800 (L-08)	02

नोट– पदो की संख्या आवश्यकतानुसार (कम/ज्यादा) परिवर्तित की जा सकती है।

चयन का आधार –

संबन्धित पदों पर एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर निगम स्तर से गठित समिति द्वारा चयन किया जायेगा जो सर्व मान्य होगा।

अतः इच्छुक सेवानिवृत आवेदनकर्ता दिनांक 16-10-2026 तक अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र मे नगर निगम कार्यालय मे प्रस्तुत करे। अन्य जानकारी हेतु फोन नं. 01482–232652 अथवा कार्यालय समय में प्रातः 10.00 बजे से 6.00 बजे तक नगर निगम भीलवाड़ा से प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 16-10-2026 के बाद प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जाएगा।

UBN Code: DLB2627SSOB20726
राज.संवाद/सी/26/11626

आयुक्त

प्राज्ञ एक्सपो 2026 में विद्यार्थियों ने किया मॉडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

प्राज्ञ एक्सपो 2026 में विभिन्न विघालयो के विघार्थियों ने नवाचार, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का अनूठा संगम माडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया।

प्राज्ञ महाविद्यालय परिसर में आयोजित प्राज्ञ एक्सपो कार्यक्रम में विज्ञान, कला व वाणिज्य संकाय के विघार्थियों ने उर्जा व पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट तकनीक, सामाजिक जागरूकता, आर्थिक विकास व सांस्कृतिक विषयों पर आधारित अनेक माडल प्रस्तुत किए। महात्मा गांधी विधालय बिजयनगर राघेय सोनी ने विज्ञान संकाय बालिका विधालय की दीपिका माली व अनुष्का जाट,कला संकाय में जवाहर नवोदय विद्यालय हुरडा के दिनेश प्रथम रहे। इसी तरह अन्य में भी विघार्थियों ने उत्कृष्ट मांडल के द्वारा विजेता में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में निलेश सिंह, नरेंद्र चौधरी, देशराज,डॉ राजेश शर्मा रहें। प्राज्ञ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ दुर्गा कंवर मेवाड़ा ने बताया कि नवाचार, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास प्रतियोगिता के आयोजन से होता है। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अजमेर संभाग स्तरीय छात्रा क्रीड़ा स्पर्धा में खिलाडियों ने दिखाया जोश

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विधालय शास्त्री कालोनी के तत्वावधान में आयोजित अजमेर संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में खिलाड़ियों द्वारा जोश खरोश से हिस्सा लिया रहा है।

बालिका विधालय के खेल मैदान पर आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता के मैचों में कबड्डी में भगवान पुरा जिला भीलवाड़ा ने मांडल देवा जिला टोंक, खजीना भीलवाड़ा ने किरावल जिला टोंक को हराया। खो खो मैच में छूटीसर जिला टोंक ने आमली खेड़ा की झोपड़ियां जिला भीलवाड़ा को हराकर सांगरिया ने छाजवो का खेड़ा जिला भीलवाड़ा को हराकर जीत दर्ज की। संस्कृत शब्द अंताक्षरी में सांकड़ा जिला भीलवाड़ा की किस्मत कवर और भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक गोविंद मेवाड़ा ने बताया कि 600 अधिक छात्रा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। अजमेर संभाग की 51 टीमे हिस्सा ले रही है। पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता मेवाड़ा ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कन्या पूजन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य उषा खन्ना, वरिष्ठ अध्यापक सुखदेव आरटिया, महावीर प्रसाद शर्मा, पवन कुमार शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष इंद्रजीत मेवाड़ा, सरजू देवी मेवाड़ा, भगवती प्रसाद मेवाड़ा सहित अन्य विघालयो के टीम कोच व छात्रा खिलाड़ी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक/नियमन / म्यूटेशन नं. 4450 दिनांक / / 2026

आम सूचना

एतद्द्वारा श्री धर्मेन्द्र सिंह शक्तावत पुत्र श्री शिव सिंह शक्तावत द्वारा राजस्व ग्राम पांसल की आराजी संख्या 4947/2623 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 17 साईज 38.6+36.6/2X15=62.5 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा जारी किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती प्रियंका कंवर चुण्डावत पुत्री श्री बालू सिंह चुण्डावत को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री मुकेश नाथ योगी पुत्र श्री उदय नाथ योगी द्वारा नामान्तरण चाहा हैं।

श्री मुकेश नाथ योगी पुत्र श्री उदय नाथ योगी के द्वारा उक्त भूखण्ड नामान्तरण हेतु न्यास में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत / दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन/FY26-27/MUT/4420 दिनांकः 30.09.2026

आम सूचना

एतद्द्वारा प्रकरण में राजस्व ग्राम पांसल की आराजी संख्या 4845/3106,3113 कृषि भूखण्ड संख्या 56 साईज 83.33 वर्गगज का नियमन न्यास द्वारा मैसर्स रोटोमेक सिन्थेटिक्स प्रा.लि. भीलवाड़ा के हक में दिनांक 19.11.2019 को नियमन किया गया।
पट्टाधारी मैसर्स रोटोमेक सिन्थेटिक्स प्रा.लि. भीलवाड़ा
ने विक्रय किया
कृतिका कोठारी पुत्री श्री संपत लाल कोठारी
विक्रय किया
श्री राय सिंह मीणा आत्मज श्री राम प्रसाद मीणा

श्री राय सिंह मीणा आत्मज श्री राम प्रसाद मीणा के द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत / दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नही की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/4396

:- आम सूचना-:

एतद्द्वारा मैसर्स रोटोमेक सिन्थेटिक्स प्रा.लि. भीलवाड़ा प्रतिनिधि श्री ललित कुमार बाबेल पुत्र श्री शोभाग सिंह बाबेल राजस्व ग्राम पांसल की आराजी 3115 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 132 साईज 18X50=100.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा जारी किया गया था।

उक्त भूखण्ड सुमित कुमार चौधरी (एचयूएफ) कर्ता श्री सुमित चौधरी पुत्र श्री प्रभाष चौधरी को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा मुकेश कुमार जैन एचयूएफ कर्ता श्री मुकेश जैन पुत्र श्री लालचन्द जैन द्वारा श्रीमती मंजू कंवर सांचोरा पत्नी श्री प्रताप सिंह सांचोरा द्वारा श्री भरत कुमार तेली पुत्र श्री रामबक्ष तेली द्वारा श्रीमती श्वेता द्विवेदी पत्नी श्री अभिषेक द्विवेदी द्वारा नामान्तरण चाहा हैं।

श्रीमती श्वेता द्विवेदी पत्नी श्री अभिषेक द्विवेदी के द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

फूलियाकलां पंचायत चुनाव में तीसरे मोर्चे की दस्तक

सभी 15 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी

प्रधान की कुर्सी पर भाजपा-कांग्रेस की नजर

चांदमल मून्दड़ा
लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

विधानसभा क्षेत्र में अभी हाल ही में नवीन पंचायत समिति फूलियाकलां में पंचायत राज चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रधान की कुर्सी पर कब्जा जमाने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपनी-अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है।

दोनों ही दल संभावित प्रत्याशियों से आवेदन लेकर जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश में जुटे हैं। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान कर सियासी मुकाबले को दिलचस्प बनाने के संकेत दिए हैं। बसपा पंचायत समिति के सभी 15 वार्डों में प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। ऐसे में इस बार चुनावी मुकाबला केवल भाजपा और कांग्रेस तक सीमित रहने के बजाय त्रिकोणीय होने की संभावना भी बन सकती है।

नई पंचायत समिति में पहली बार प्रधान बनाने की चुनौती

फूलियाकलां इसी वर्ष नई पंचायत समिति के रूप में अस्तित्व में आई है। ऐसे में यहां होने वाले पंचायत समिति के चुनाव राजनीतिक दलों के लिए खास अहमियत रखते हैं। नई पंचायत समिति में अपना प्रधान बनाने के साथ ही क्षेत्र में राजनीतिक पकड़ मजबूत करना भी दलों के लिए बड़ी चुनौती होगी। प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होने से उम्मीदवारों के चयन में सामाजिक समीकरणों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। भाजपा और कांग्रेस दोनों की नजर ऐसे उम्मीदवारों पर है, जो अपने-अपने वार्ड में मजबूत जनाधार रखते हों और चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने की क्षमता रखते हों।

भाजपा-कांग्रेस में टिकट के लिए जोर-आजमाइश

पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में टिकट के दावेदार स य हो गए हैं। संभावित प्रत्याशी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से संपर्क साधने के साथ अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। दोनों दलों की ओर से बैठकों और आवेदन लेने की प्र या के जरिए दावेदारों के नामों पर मंथन किया जा रहा है। भाजपा की ओर से कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रहकर एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने का संदेश दिया जा रहा है। पार्टी की कोशिश है कि टिकट वितरण के बाद किसी तरह की नाराजगी सामने नहीं आए और सभी कार्यकर्ता अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में जुटें। वहीं कांग्रेस भी जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवारों के चयन पर जोर दे रही है। पार्टी के सामने मजबूत प्रत्याशियों के चयन के साथ कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बनाए रखने की चुनौती रहेगी।

प्रधान की कुर्सी के लिए होगा सियासी मुकाबला

फूलियाकलां पंचायत समिति का यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने का मौका होगा, वहीं बसपा की स यता मुकाबले को नया रंग दे सकती है। प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होने के कारण प्रत्याशी चयन से लेकर चुनावी रणनीति तक सामाजिक समीकरण अहम रहेंगे।

अब सभी की नजर राजनीतिक दलों की ओर से घोषित किए जाने वाले प्रत्याशियों पर टिकी है। टिकट किसे मिलता है, कौन बागी होकर मैदान में उतरता है और तीसरा मोर्चा कितनी मजबूती से मुकाबला करता है, ये पहलू चुनाव की दिशा तय कर सकते हैं। हालांकि, अंतिम फैसला मतदाताओं के हाथ में होगा। चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की स्थिति और जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता ही तय करेगी कि फूलियाकलां पंचायत समिति की सत्ता किसके हाथ में जाएगी।

बसपा ने किया सभी 15 वार्डों में उतरने का दावा

भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी तैयारियों के बीच बसपा की एंट्री ने राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज कर दी हैं। बसपा के लोकसभा प्रभारी रामदयाल रेगर ने बताया कि पार्टी फूलियाकलां पंचायत समिति के सभी 15 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है, जो धरातल से जुड़े हों और जनता के बीच उनकी अच्छी पकड़ हो। यदि बसपा अपने इस ऐलान के अनुसार सभी वार्डों में प्रत्याशी उतारती है, तो भाजपा और कांग्रेस के सामने मुकाबले की चुनौती बढ़ सकती है। हालांकि, तीसरा मोर्चा कितनी मजबूती से चुनाव लड़ता है और उसे मतदाताओं का कितना समर्थन मिलता है, यह प्रत्याशियों की घोषणा और चुनाव प्रचार के बाद ही स्पष्ट होगा।

बागियों पर भी रहेगी तीसरे मोर्चे की नजर?

पंचायत चुनाव में टिकट वितरण के दौरान राजनीतिक दलों के भीतर असंतोष सामने आने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। टिकट नहीं मिलने पर कुछ दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ने या दूसरे राजनीतिक विकल्प तलाशने का फैसला कर सकते हैं। ऐसे में तीसरे मोर्चे के लिए दोनों प्रमुख दलों के असंतुष्ट दावेदार संभावित विकल्प बन सकते हैं।

राजनीतिक चर्चाओं के अनुसार, यदि भाजपा या कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद बगावत होती है, तो इसका फायदा तीसरे मोर्चे को मिल सकता है। हालांकि, बसपा की ओर से बागियों को लेकर कोई आधिकारिक रणनीति सामने नहीं आई है। ऐसे में फिलहाल इसे संभावित राजनीतिक समीकरण के रूप में ही देखा जा रहा है।

पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क : रिटर्निंग अधिकारी ने लिया संवेदनशील बूथों का जायजा, दिए कड़े निर्देश

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

आगामी पंचायती राज आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय विद्यालयों में स्थापित पोलिंग बूथों का भौतिक सत्यापन करते हुए बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने कादीसहेना एवं आमली कलां क्षेत्र स्थित अति-संवेदनशील (क्रिटिकल) बूथों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक नानालाल सालवी की मौजूदगी में सुरक्षा बलों के रूट चार्ट, बैरिकेडिंग और कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाए ताकि किसी भी अवांछित गतिविधि पर तुरंत रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही मतदान दलों के ठहरने के स्थानों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पेयजल, रैंप, रोशनी, छांव और शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर दुरुस्त करने की हिदायत दी गई। रिटर्निंग अधिकारी सिनसिनवार ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाएगा और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है तथा शांति व्यवस्था में बाधा डालने या गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लोकमंथन यात्रा 17 को भीलवाड़ा आएगी, विभिन्न कार्यक्रम होंगे

भीलवाड़ा। लोकमंथन यात्रा 17 अक्टूबर को भीलवाड़ा आएगी। इसकी तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक हुई। इसमें यात्रा के प्रचार-प्रसार, कार्यक्रम संबंधी, स्वागत एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दायित्व सौंपे गए। लोकमंथन आयोजन समिति के संयोजक बलराज आचार्य ने बताया कि इस वर्ष लोकमंथन का मुख्य विषय हम भारत के लोग रखा गया है। मुख्य लोकमंथन कार्य म जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 4 से 6 दिसंबर 2026 को आयोजित होगा, जिसमें देशभर से लोक कलाकार शिरकत करेंगे। भीलवाड़ा में लोकमन्थन यात्रा समन्वयक योगेश पारीक ने बताया कि चित्तौड़ प्रांत में लोकमंथन यात्रा का शुभारंभ 8 अक्टूबर को पुष्कर से किया गया है। भीलवाड़ा जिले में लोकमंथन यात्रा का आगमन 17 अक्टूबर को होगा। यात्रा का स्वागत प्रातः 9:15 बजे आंबेडकर सर्कल, रेलवे स्टेशन रोड पर किया जाएगा। इसके पश्चात दुपहिया वाहन रैली के रूप में यात्रा माणिक्य लाल वर्मा महाविद्यालय पहुँचेगी, जहाँ प्राक् लोकमंथन के विविध सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्र म में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा महिला संगोष्ठी, अधिवक्त ा परिषद द्वारा संविधान परिचर्चा, संस्कृत भारती, विज्ञान भारती, इतिहास संकलन समिति आदि द्वारा लोक प्रदर्शनियाँ लगाई जाएंगी। संस्कार भारती द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

राजस्थान सरकार

कार्यालय निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग राजस्थान जयपुर

(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)

क्रमांक: पु.सं./स्मा./मेटल सीएफ/आमेर/2026/21598 दिनांक :- 30/9/2026

निविदा सूचना

राजकीय संग्रहालय व महल आमेर में पर्यटकों की सुविधार्थ मेटल, ग्लास, लेदर एवं स्टोन शॉप की उपलब्धता एवं संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी / फर्म/व्यक्तियों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली का विस्तृत विवरण http://museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
AMD2627SSOB00076

DIPR/C/17360/2026 निदेशक

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT, CITY DIVISON-I
NAL GODAM, AJMER

NO.: EE/P.H.E.D./CITY-DN.I/AJMER/TA/2026-27/2502-2514 DATED: 05/10/2026

Notice Inviting Bid - 32 to 36/2026-27

Bids for Various Works Under City Dn I Ajmer of subject matter of procurement are invited from interested bidders upto 03.00 PM on 14.10.2026 other particulars of the bid may be seen in the Office of Executive Engineer PHED City Divisioin-I Ajmer & visited on the portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state website.

UBN-PHE2627WSOB06512 (32/2026-27)
UBN-PHE2627WSOB06513 (33/2026-27)
UBN-PHE2627WSOB06514 (34/2026-27)
UBN-PHE2627WSOB06515 (35/2026-27)
UBN-PHE2627WSOB06516 (36/2026-27)

(Sunil Kumar Bakliwal),Executive Engineer
Public Health Engineering Department
City Division I Ajmer

DIPR/C/17545/2026

नशा मुक्त राष्ट्र का निर्माण करना संगठन का मूल लक्ष्य - शर्मा

नशा मुक्त विद्यालय, नशा मुक्त राजस्थान अभियान आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के तत्वावधान में शनिवार को नशा मुक्त विद्यालय, नशा मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मंत्री अमर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों के अनुपालन में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज को नशे के घातक प्रभावों से अवगत कराना था। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने परिवार और आसपास के समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि जिले के सभी पांच खंडों के विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली। सभी ने यह प्रण लिया कि वे न तो कभी किसी नशीले पदार्थ का सेवन करेंगे और न ही इनकी खरीद, बिक्री या दूसरों को उपलब्ध कराने का समर्थन करेंगे। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नशा स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए एक अभिशाप और घातक बीमारी की तरह है। अजमेर संभाग संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि संगठन का मूल लक्ष्य एक नशा मुक्त विद्यालय, नशा मुक्त समाज और एक सशक्त नशा मुक्त राष्ट्र का निर्माण करना है। विद्यालय केवल किताबी शिक्षा का केंद्र नहीं हैं, बल्कि यह बच्चों में सही संस्कार और सामाजिक चेतना जागृत करने के भी प्रमुख केंद्र हैं। इस सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और अभिभावकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भावी पीढ़ी को एक सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य देने का संकल्प लिया।

वार्ड 12 और 13 में मूलभूत सुविधाओं का अभाव दीपावली से पूर्व कार्य कराने की मांग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 स्थित शांति विहार कॉलोनी और वार्ड नंबर 13 (मणिहार कॉटेज के पास) के निवासी लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों कॉलोनियों में सीसी रोड, पक्की नालियां, स्ट्रीट लाइट और शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। सड़कों के अभाव में वार्डवासियों और विशेषकर स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी धनराज खटीक ने बताया कि सीसी रोड न होने से क्षेत्र में कीचड़ और धूल की समस्या बनी रहती है, वहीं नालियों की उचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी गलियों में भरता है जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र में रोड लाइटों का अभाव है जिसके कारण रात्रि के समय घना अंधेरा छाया रहता है। अंधेरे के कारण महिलाओं और बुजुर्गों का रात के समय निकलना असुरक्षित हो गया है तथा चोरी व दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। स्वच्छ पेयजल और प्रकाश की व्यवस्था हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन नगर पालिका की अनदेखी के चलते इन वार्डों की सुधि नहीं ली जा रही है। वार्डवासियों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि दीपावली के पावन पर्व से पूर्व इन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सीसी रोड निर्माण, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति और रोड लाइट लगाने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। जनता ने उच्च अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर राहत प्रदान करने की गुहार लगाई है।

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड कठूमर (अलवर)

e-mail: eepwdkathumar@gmail.com

क्रमांकः 869 दिनांकः 01.10.2026

निविदा सूचना संख्या 11/2026-27 के प्रकाशन बाबत

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्ष 2026-27 हेतु सा.नि.वि. खण्ड कार्यालय कठूमर (अलवर) के अधीन 1. Construction of BT Road Badhanka to Samli राशि 17.26 लाख रूपये 2. Construction of BT Road Nibheda to Badhanka राशि रू. 19.85 लाख 3. Mithana to Hulyana via Maithani राशि रू. 34.53 लाख रूपये 4. डामर सड़क निर्माण कार्य चौहरी का नंगला चौराहा से सुण्डाना सीमा तक 29.26 लाख रूपये 5. डामर सड़क निर्माण कार्य दुधेरी से बडका तक राशि 68.28 लाख रूपये 6 Construction of Verandaha in Court Campus Kathumar राशि 17.34 लाख रूपये (कुल कार्य 06) हेतु नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु दिनांकः 05.10.2026 से 14.10.2026 सायः 06.00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.dipronline.org" व विभाग की वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.
1. PWD2627WSOB14527 2. PWD2627WSOB14528 3. PWD2627WSOB14529
4.PWD2627WSOB14530 5. PWD2627WSOB14531 6. PWD2627WSOB14532

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि खण्ड कठूमर (अलवर)
डी.डी.ओ.कोडः 34008

DIPR/C/17469/2026

राष्ट्रपति भवन में गूंजी शाहपुरा की फड़ कला की गूंज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

राजस्थान की गौरवशाली लोक एवं पारंपरिक कला शाहपुरा की फड़ चित्रकला को राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर ऐतिहासिक पहचान मिली है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कलाकार निवास कार्यक्रम के दौरान शाहपुरा के प्रसिद्ध जोशी परिवार वरिष्ठ कलाकार शांति लाल जोशी और उनके दो सुपुत्रों विजय व विवेक जोशी ने अपनी कला का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस पिता और उनके दोनों पुत्रों की कला-साधना को नजदीकी से देखा और सम्मानित किया।

आईएमसीसी ने हरणी कला स्कूल में किया प्रतिभाओं का सम्मान

भीलवाड़ा । अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत (आईएमसीसी) भीलवाड़ा जिला शाखा द्वारा इस वर्ष सरकारी विद्यालयों के 500 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान स्व.रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान के सौजन्य से किया जा रहा है। इसी क्रम में हरणीकला हरणी महादेव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं क्लब के भीलवाड़ा जिला शिक्षा सचिव इन्दिरा डॉ भागचन्द सोमानी ने बताया कि समारोह क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी की अध्यक्षता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कान्ता बी एल मेलाणा , भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष सुनील जागेटिया, जिला धर्म प्रचार प्रसार सचिव सुमन बाहेती के आतिथ्य तथा प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, क्रीड़ा क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सभी शिक्षकों का अभिनन्दन किया गया। आनन्द धाम हवेली मन्दिर की मुख्य ट्रस्टी एवं जिला धर्म प्रचार प्रसार सचिव सुमन बाहेती ने बच्चों के साथ भजन गाकर माहौल को आध्यात्मिक कर दिया। राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी ने व प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए।

ब्राइट माइंड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

ब्राइट माइंड्स स्कूल, असावा कॉलोनी के विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधन ने क्षेत्र की विभिन्?न जनसमस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन तथा अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रेखांकित करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल विद्यार्थियों एवं कॉलोनीवासियों ने असावा कॉलोनी स्थित स्कूल को मुख्य डामर सड़क से जोड़ने, पूरे क्षेत्र को आवारा पशुओं की समस्या से मुक्त कराने तथा रात्रिकालीन सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित रोड लाइट लगवाने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त, स्थानीय निवासियों व बच्चों की सुविधा के लिए गार्डन का विकास करवाने, खस्ताहाल सड़कों के गों की शीघ्र मरम्मत कराने और वर्षा जल की सुगम निकासी के लिए पक की नालियों के निर्माण की भी पुरजोर वकालत की गई। ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन एवं अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता ने विद्यार्थियों व प्रतिनिधिमंडल की बात को अत्यंत गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने कॉलोनी की सभी लंबित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करवाने का पूर्ण आश्वासन दिया। विद्यार्थियों द्वारा नागरिक समस्याओं के प्रति दिखाई गई इस सजगता और प्रशासनिक अधिकारियों के सकारात्मक रुख से स्थानीय निवासियों एवं बच्चों में क्षेत्र के कायाकल्प को लेकर नई उम्मीद जगी है।

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पं. स. हिण्डोली जिला बून्दी

क्रमांक : मुब्लॉशिअ/समसा/हिण्डोली/बूंदी/2026-27/283 दिनांक : 03.10.2026

Notice Inviting Bid

Bid for Food & Refreshment Supply in Training and workshop program and Stationary supply for office work and seating Arrangement in training & Workshop for participants are inviting from interested bidders up to 13-10-2026 on 11.00 AM Other particulars of the bid may be visited on the http://sppp.raj.nic.in & E Procurement Portal https://eproc.rajathan.gov.in /nicgep/app of the state.

S.N.	BLOK	Name of Work	Estimated COST	NIB No.	UBN No.
01	HINDOLI	Food & Refreshment Supply in Training and workshop program	9.90 LAKH	RSE2627 A0562	RSE2627 SSOB01448
02	HINDOLI	Stationary Supply for Office work & Training	5.00 LAKH	RSE2627A 0563	RSE2627 SSOB01449
03	HINDOLI	Seating Arrangement in training & Workshop for Participants	6.00 LAKH	RSE2627A 0564	RSE2627 SSOB01450

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
पं. स. हिण्डोली

DIPR/C/17629/2026

माहेश्वरी समाज का भक्ति बीट्स विथ गरबा फीट्र्स कार्यक्रम 14 व 15 को

भीलवाड़ा। भक्ति के सुर, संगीत की धुन और गरबा की उमंग...इन सबका संगम भीलवाड़ा में दो शामों को खास बनाएगा। नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के सानिध्य एवं आरकेआरसी व्यास नगर माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से आयोजित 'भक्ति बीट्स विद गरबा फीट्स' में एक शाम भजन जैमिंग और दूसरी शाम गरबा की धूम रहेगी। ये आयोजन 14 व 15 अक्टूबर को शाम 7 बजे होगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की अध्यक्ष वीणा मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गरबा के जरिए धर्म, संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं से जुड़ाव का संदेश दिया जाएगा। नगर सचिव विनीता तोषनीवाल ने बताया कि 14 अक्टूबर को भजन जैमिंग का आयोजन होगा। इसमें जयपुर से भजन कॉन्सर्ट टीम प्रस्तुति देगी। 15 अक्टूबर को गरबा आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रीय टीमें और महिला सदस्य भाग लेंगी। आरकेआरसी व्यास नगर माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष पल्लवी लढा एवं सचिव रंजना बिड़ला ने बताया कि मंच व्यवस्था, संगीत, भजन जैमिंग और गरबा सहित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन में प्रवेश पास के माध्यम से दिया जाएगा। दोनों दिन मर्यादित एवं भारतीय परंपराओं के अनुरूप वेशभूषा निर्धारित की गई है। इसका पालन नहीं करने वालों को कार्य म में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक - परि / 2025-26/31018
दिनांक - 9.10.2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखी गई वाहन का स्वामित्व बदलने (ट्रांसफर) हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 15 कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा वाहन हस्तान्तरण कर दिया जाएगा। विज्ञापन का खर्च आवेदक स्वयं वहन करेगा।

वाहन संख्या - आर जे 09 आर एस 5396 पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम व पता - श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, पुत्र श्री कन्हैया लाल गुप्ता, एक-जी 11, हाउसिंग बोर्ड, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़, मृतक वाहन स्वामी के उत्तराधिकारी का नाम- श्रीमति अल्का गुप्ता , पत्नी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, एक-जी 11, हाउसिंग बोर्ड, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़, वाहन स्वामी से संबंध- पत्नी ,

राम नाम की साधना से ही संभव है काम और क्रोध पर विजयः आचार्य रामदयाल

भीलवाड़ा। माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में आयोजित दैनिक चातुर्मासिक सत्संग में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि राम नाम की प्रबल साधना से ही मानव जीवन की वासनाओं और पांचों इंद्रियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योगेश्वर कृष्ण ने काम और ोध को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु बताया है, जिन पर केवल नाम की साधना के माध्यम से ही विजय पाई जा सकती है। आचार्यश्री ने पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में अज्ञान, अहंकार और स्वार्थ ही आपसी विरोध, संघर्ष और क्लेश का कारण बनते हैं। इसलिए मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए काम और क्र ोध का त्याग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समझ आने पर जीवन की बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान स्वतः हो जाता है। सत्संग के दौरान श्राद्ध पक्ष की समाप्ति और नवरात्रि के आगमन का जि करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और आराधना के महत्व से अवगत कराया गया। इससे पूर्व, प्रखर वक्त ा संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिए। कार्य म के अंत में श्रद्धालुओं ने महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज द्वारा रचित अनुभव वाणीजी के सामूहिक पाठ में सहभागिता करने वाले सभी भक्त ों की सराहना की और आचार्यश्री की आरती उतारी। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (भीलवाड़ा)

E mail Id mbjahazpur@gmail.com Phone No. 01485-294101

क्रमांक : नपाज/भूमि/2026-27/242 दिनांक : 09.10.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी सेवा सेतु अभियान 2026 में निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा अपने पुश्तैनी/क्रयशुदा भूखण्ड/आवास का पट्टा चाहने हेतु संबंधित व्यक्ति/संस्था द्वारा नगर पालिका जहाजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है, उक्त बाबत् किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगी नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम व पता	क्षेत्रफल	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	पट्टा
1	श्री योगेश मालू पुत्र श्री हरि प्रसाद मालू निवासी जहाजपुर भूखण्ड संख्या 14 आराजी खं. 5232 जहाजपुर जिला भीलवाड़ा	125.41 वर्गमीटर	भूखण्ड सं. 15	भूखण्ड सं. 13	रास्ता	भूखंड सं. 17	69-ए
2	श्री प्रेमचन्द ढोली पुत्र श्री मदनलाल ढोली निवासी वार्ड नं. 15 चावण्डिया, जहाजपुर	146.55 वर्गमीटर	मदन लाल ढोली	आम रास्ता	सीताराम ढोली	सम्पत देवी	69-ए
3	श्रीमती रेखा देवी बारेठ पत्नि श्री सीताराम बारेठ निवासी वार्ड नं. 15, कुम्हारों का मोहल्ला जहाजपुर	48.38 वर्गमीटर	रामद्वारा	सामलाती रास्ता	दिनेश कुम्हार	राजराज बारेठ	69-ए
4	श्री सुनिता देवी बारेठ पुत्र श्री रामराज बारेठ निवासी वार्ड नं. 15, जहाजपुर	27.12 वर्गमीटर	रामद्वारा	सामलाती रास्ता	सीताराम	राधेश्याम बारेठ व संतराज बारेठ	69-ए
5	श्री रामलाल माली पुत्र श्री बालूराम माली व संतोष देवी पत्नी नाथूलाल माली, वार्ड नं. 12 जहाजपुर। भूमि विक्रय पत्र दिनांक 28.04.1973	36.6 वर्गमीटर	रोड	देवली रोड	राजू माली	कैलाश जी टांक	नवीन 69-ए
6	श्री संदीप कुमार पुत्र नन्दकिशोर स्वर्णकार व प्रदीप कुमार पुत्र नन्द किशोर स्वर्णकार निवासी/मकान वार्ड नं. 09 जय सिया राम मार्ग, जहाजपुर, पट्टा क्र. 11 दिनांक : 27.08.2009	165.74 वर्गगज	रास्ता	मोतीलाल रोणीजो का मकान	राधेश्याम पुत्र रामरतन जी सुनार	भैरूलाल जी पंचोली व नर्मदा शंकर जी का मकान	नवीन 69-ए

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, जहाजपुर

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः आवास / UIT-BHILWARA/FY26-27/MUT/4725 दिनांक :- 10-10-2026

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा श्री / श्रीमती / सुश्री प्रमीला सोनी पत्नी / पुत्री / श्री राजकुमार स्वर्णकार को न्यास की NEHRU VIHAR (E.W.S) योजना में आवास गृह /फ्लेट संख्या 14/478 साईज 15x30=50.00 वर्गगज जरिये लॉटरी दिनांक 06.09.2013 को आवंटन किया गया।आवंटी प्रमीला सोनी के द्वारा आवास गृह / फ्लेट संख्या 14/478 साईज 15x30=50.00 वर्गगज जरिये मु.आम श्री रतनलाल डूंगरवाल पिता श्री लादूलाल डूंगरवाल के द्वारा श्री महावीर शर्मा पिता स्व. श्री रघुनाथ शर्मा को दिनांक 03.04.2018 को पंजीकृत विक्रय किया गया, श्री महावीर शर्मा के द्वारा श्रीमती शिखा शर्मा पत्नी श्री गणेश शर्मा को दिनांक 05.02.2020 को पंजीकृत विक्रय किया गया। अन्तिम क्रेता श्रीमती शिखा शर्मा पत्नी श्री गणेश शर्मा के द्वारा उक्त आवास गृह के नामान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को काई आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी उजर / ऐतराज मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

तिलस्वां महादेव मंदिर की खुली दान पेटियां, प्राप्त हुई 66.37 लाख की राशि

लोकजीवन न्यूज सर्विस बिजौलियां

प्रसिद्ध तिलस्वां महादेव मंदिर में प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर ट्रस्ट की संयुक्त निगरानी में दान पेटियां खोली गईं, जिनसे कुल 66 लाख 37 हजार 268 रुपये नकद प्राप्त हुए। नोटों की गिनती का यह कार्य कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देर रात तक जारी रहा। इससे पूर्व गत 13 अप्रैल को मंदिर की दान पेटियां खोली गई थीं, जिसके बाद अब दोबारा इन्हें खोलकर राशि की गणना की गई है। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मंगीलाल धाकड़ ने बताया कि उपखंड अधिकारी (एसडीएम) सीएल शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर और अन्य गणमान्य सदस्यों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ पूरी गणना प्र या संपन्न हुई। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा आय-व्यय का आधिकारिक ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। बड़ी मात्रा में निकली इस नकदी की गिनती को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए आधुनिक काउंटिंग मशीनों का उपयोग किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया। सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान एएसआई नरेश सुखवाल, नायब तहसीलदार और विभिन्न बैंकों के कर्मी भी पूरी प्र या के दौरान उपस्थित रहे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार, दान पेटियों से प्राप्त इस संपूर्ण राशि का उपयोग मंदिर के आगामी विकास कार्यों, दर्शनार्थियों के लिए उन्नत सुविधाओं के विस्तार और धार्मिक आयोजनों के संचालन में किया जाएगा। ऐतिहासिक नगरी बिजौलिया के इस प्रमुख आस्था केंद्र पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए ट्रस्ट निरंतर प्रयासरत है। प्रशासन, पुलिस विभाग और मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त प्रयासों से यह पूरी गणना प्र या शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।